तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

12 संत रविदास जयंती और घर-घर तिरंगा अभियान पर...



12 छात्रों के सम्मान में कांग्रेस का विजय मार्च...





## खबर संक्षेप



### आत्मानंद स्कूल बाल संसद में हेमराज व यश निर्वाचित

**दुर्गूकोंदल।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गूकोंदल में विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नामांकन, प्रचार, मतदान और मतगणना के बाद कक्षा 12वीं कला के हेमराज बघेल शाला नायक एवं यश चुरेन्द्र शाला नायिका निर्वाचित हुए। उप शाला नायक, उप शाला नायिका सहित विभिन्न मंत्री पदों का भी चयन किया गया। प्राचार्य अजय नेताम ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता एवं सहयोग की भावना से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष अशोक जैन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्रयास विद्यालय के लिए लाची के चयन से हर्ष

**अंतागढ़।** विकासखंड अंतागढ़ के पीएम श्री हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा लाची गावड़े का चयन



प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुडियारी रायपुर के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लाची गावडे के पिता विश्राम सिंह गावड़े अधिवक्ता हैं, जबकि माता मंजूलता गावडे ग्राम पंचायत लामकन्हार की सरपंच हैं। उन्होंने बेटी की सफलता का श्रेय पीएम श्री हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकों के समर्पण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा नियमित मार्गदर्शन को दिया।

### गैंद सिंह महाविद्यालय में प्रवेश काउंसिलिंग 3 को

**पखांजूर।** शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजूर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 3 अगस्त सोमवार को ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग बीए, बीकॉम एवं बीएससी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई ने बताया कि काउंसलिंग सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक महाविद्यालय परिसर में होगी।

### सर्पदंश से बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत तेलावट निवासी 11 वर्षीय चेतन कृषान पिता संतोष का इलाज के दौरान कांकेर के अलबेलापारा स्थित अस्पताल में 10 जुलाई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि बच्चे को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाए थे, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बीए प्रथम सेमेस्टर में मुक्त प्रवेश कल से

**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों पर 28 से 31 जुलाई तक मुक्त प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश शासन के आरक्षण नियमों के तहत पात्र अभ्यर्थियों को प्रदान किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवेश प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी, 10वीं-12वीं की अंकसूची, जाति, निवास, पहचान, टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन, एबीसी/अपार आईडी, दो पासपोर्ट फोटो, एंटी रैगिंग शपथ पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज एवं उनकी मूल प्रतियां सत्यापन हेतु प्रस्तुत करनी होंगी।

# सरोना-दुधावा मार्ग जलभराव से मुक्त हरिभूमि की खबर से जागा प्रशासन

## समाचार प्रकाशित होते ही ग्राम पंचायत ने जेसीबी से बनाई पानी निकासी नाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

खबर का असर

सरोना से दुधावा राज्य सड़क मार्ग पर दुलसिंह पेट्रोल पंप के समीप इमली पेड़ के पास लंबे समय से बने जलभराव की समस्या को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन और ग्राम पंचायत हरकत में आ गई। समाचार प्रकाशित होते ही ग्राम पंचायत सरोना ने जेसीबी मशीन लगाकर सड़क किनारे अस्थायी नाली का निर्माण कराया, जिससे सड़क पर जमा बारिश के पानी की निकासी शुरू हो गई। इससे लंबे समय से परेशानी झेल रहे ग्रामीणों, वाहन चालकों और राहगीरों को बड़ी राहत मिली।

लगातार बारिश के कारण इस स्थान पर सड़क पर एक से दो फीट तक पानी भर गया था। स्थिति ऐसी हो गई थी कि सड़क किसी तालाब जैसी दिखाई देने लगी थी। जलभराव के कारण छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन में कठिनाई हो रही थी, वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी जोखिम उठाना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने कई बार समस्या के समाधान की मांग की थी, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हो सकी थी। हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद ग्राम पंचायत ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी से पानी निकासी के लिए नाली बनवाई। नाली बनने के बाद कुछ ही समय में सड़क पर भरा पानी कम होने लगा और आवागमन पहले की अपेक्षा सुचारु हो गया। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि समय रहते उठाया गया यह कदम दुर्घटनाओं की संभावना को भी कम करेगा। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मीडिया ने जनहित के इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया, जिसके बाद संबंधित जिम्मेदारों ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए। ग्रामीणों ने हरिभूमि की सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर प्रशासन भी सक्रिय होता है और लोगों को समय पर राहत मिलती है।



पीडब्ल्यूडी और पंचायत से कार्रवाई की उम्मीद, व्यवस्था जल्द करने की मांग

सरोना-दुधावा मार्ग पर जलभराव बना जानलेवा, वर्षों से हर साल यही संकट



### पानी निकासी के लिए की अस्थायी व्यवस्था

*फिलहाल पानी निकासी के लिए अस्थायी व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन ग्रामीणों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि भविष्य में दोबारा जलभराव की स्थिति न बने, इसके लिए पक्की नाली, आवश्यकतानुसार पुलिया निर्माण तथा सड़क के ढलान में सुधार कराया जाना चाहिए और साथ ही प्राकृतिक जलनिकासी को बाधित करने वाले कारणों की जांच कर उचित कार्रवाई भी की जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को दोबारा ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।*

## जिले के अंदरूनी इलाकों में हालात ज्यादा रहते हैं चिंताजनक

# कांकेर में मिक्स मलेरिया की दस्तक 189 की जांच में एक दर्जन संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

जिला में मलेरिया हर साल दस्तक देता है। इस बार हालात ज्यादा चिंताजनक हैं, वजह है मिक्स मलेरिया का प्रभाव। इसमें एक ही मरीज के शरीर में पी. फाल्सीपेरम और पी. विवैक्स दोनों परजीवी एक साथ मिल रहे हैं। जनवरी 2026 से अब तक कांकेर जिले में 189 मलेरिया मरीज सामने आए हैं, इनमें दो दर्जन मरीज मिक्स मलेरिया से संक्रमित पाए गए हैं। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है। यह सवाल है कि लगातार चलने वाले मलेरिया उन्मूलन अभियान, फॉगिंग, लार्वा नियंत्रण और जनजागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद मरीजों की संख्या क्यों बढ़ रही है।

स्वास्थ्य विभाग बता रहा है कि जिले में 50 हजार से अधिक ब्लड स्लाइड जांच की गई। सवाल यह है कि यदि रोकथाम के उपाय प्रभावी होते तो इतने बड़े पैमाने पर संक्रमण क्यों फैलता। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में आज भी कई जगह जलभराव है। मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। समय पर दवा का छिड़काव नहीं हो रहा। जागरूकता की कमी भी बनी हुई है। यही कारण है कि हर बारिश में मलेरिया फिर से सिर उठाने लगता है। मिक्स मलेरिया की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसमें शरीर पर दो अलग-अलग परजीवी एक साथ हमला करते हैं। इससे बीमारी की गंभीरता बढ़ जाती है। इलाज में जरा-सी देरी भी मरीज की हालत बिगाड़ सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय पर जांच और पूरा उपचार कराने की सलाह देते हैं। दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी चुनौती बनी हुई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि मिक्स मलेरिया सामान्य संक्रमण नहीं है। यह बताता है कि मरीज लगातार संक्रमित मच्छरों के संपर्क में आ रहे हैं।

### बढ़ी स्वास्थ्य विभाग की चिंता, ग्रामीण और वनांचलों में जलभराव व मच्छरों की बढ़ती संख्या बनी चुनौती




### जलभराव से बढ़ता मिक्स मलेरिया का खतरा

*मिक्स मलेरिया संक्रमित एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है, जब पी. फाल्सीपेरम और पी. विवैक्स दोनों परजीवी एक साथ शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार घरों के आसपास जलभराव, समय पर लार्वा नष्ट नहीं होना तथा नियमित फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव का अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखना इसके प्रमुख कारण हैं। मच्छरदानियों का सीमित उपयोग और दूरस्थ क्षेत्रों में समय पर जांच व उपचार नहीं मिल पाने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि व्यापक स्तर पर रोकथाम, स्वच्छता, लार्वा नियंत्रण और समय पर उपचार सुनिश्चित कर मिक्स मलेरिया के मामलों में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।*

### मिक्स मलेरिया के मिले एक दर्जन मरीज

*कांकेर जिले में जनवरी 2026 से अब तक मिक्स मलेरिया के लगभग एक दर्जन मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मिक्स मलेरिया में पी. फाल्सीपेरम और पी. विवैक्स दोनों परजीवी एक साथ पाए जाते हैं, जिससे बीमारी अधिक गंभीर हो जाती है। मरीज को तेज बुखार, ठंड लगना, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी, सिरदर्द, खून की कमी तथा बार-बार बुखार आने जैसी समस्याएं होती हैं। गंभीर स्थिति में मस्तिष्क, किडनी और लीवर भी प्रभावित हो सकते हैं।*

### मच्छरदानी का करना चाहिए उपयोग

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर ने कहा कि मलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय मच्छरों के काटने से स्वयं को सुरक्षित रखना है। प्रत्येक परिवार को नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए, विशेषकर बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को रात में मच्छरदानी के भीतर ही सोना चाहिए। घर और आसपास पानी जमा न होने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें। तेज बुखार, ठंड लगना या मलेरिया जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। समय पर जांच और पूरा उपचार ही मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण का सबसे अच्छा उपाय है।*

### मरदापोटी आश्रम में मलेरिया का कहर



जांच में मिले 10 पॉजिटिव

**कांकेर।** जिले में मलेरिया का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। बीते 10 दिनों में आश्रमों में रह रहे एक छात्र की मौत हो गई, इसके अलावा एक छात्र सरंडी का खत्म हुई और एक छात्र डोमहर्रा की खत्म हुई, इस तरह तीन बच्चों की मलेरिया से मौत हो चुकी है। ताजा मामला मरदापोटी बालक आश्रम का है, जहां 9 वर्षीय छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की जांच में आश्रम के 6 बच्चे मलेरिया पॉजिटिव मिले, जिनका उपचार जारी है। आसपास के गांवों में भी संक्रमण फैला है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान, दवा वितरण और फॉगिंग शुरू की है।

## रिवर्स करते पिकअप की ठोकर से न्यायिक मजिस्ट्रेट की कार डेमेज




### चालक पर मामला दर्ज, बीएसएफ कैंप के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र में लापरवाहीपूर्वक वाहन रिवर्स करने से सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन को पीछे कि ले जाने के दौरान एक कार को टक्कर मार दी। कार चालक ने पिकअप वाहन चालक के खिलाफ थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराया।

थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पीव्ही 131 चैतन्यपुर निवासी 31 वर्षीय गौतम मण्डल पिता सुपद मण्डल ने पुलिस को बताया कि ड्राईवरी का काम करता हूं और 25 जुलाई को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पखांजुर के कार क्रमांक सीजी 06 जीव्ही 2905 में साहब को न्यायालय से बैठाकर करीब 2 बजे लंच करने बंगला कालीमंदिरपारा पखांजुर ले जा रहा था कि बीएसएफ कैम्प पास सुशांत गाईन के दुकान के तरफ अशोक लिलेण्ड पीकप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 4954 के चालक अपने पीकप वाहन को आगे लेकर रिवर्स कर रहा था। मैं कार को खड़ा कर हार्न बजाया।

चालक को आवाज देने के बावजूद भी पीकअप वाहन के चालक पीकप वाहन को नहीं रोका और उतावले पूर्वक रिवर्स करते हुए मेरे कार के पीछे हिस्सा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गया है। चालक का नाम पूछने पर अपना नाम बांदे थानांतर्गत कालीमंदीरपारा पखांजुर निवासी दिनेश सलाम पिता रमेश सलाम ग्राम सावेर होना बताया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 4954 के चालक दिनेश सलाम के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## गाड़ी में प्लग लगाने पर विवाद, पुत्र समेत माता-पिता से मारपीट, दो पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम भानबेड़ा में गाड़ी का प्लग निकालने के विवाद को लेकर एक युवक तथा उसके माता-पिता के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम भानबेडा निवासी 30 वर्षीय राम सलाम ने थाना भानुप्रतापपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। शिकायत के अनुसार 24 जुलाई की रात करीब 9 बजे वह अपनी मां के घर ग्राम भानबेड़ा गया था। वहां से वापस लौटते समय उसने देखा कि उसकी गाड़ी का प्लग निकला हुआ था। इस संबंध में पूछताछ करने पर अरूण नुरूटी तथा आशीष दुग्गा ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। दोनों ने हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पिता शिवराम सलाम और मां के साथ भी आरोपियों ने डंडे से मारपीट की। घटना में राम सलाम की आंख और कान में चोट आने तथा उसकी मां की जांघ में चोट लगने की बात शिकायत में कही गई है। पीड़ित ने यह भी बताया कि घटना को आसपास के लोगों ने देखा और सुना है। शिकायत में कहा गया है कि घटना के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## मावा मोदोल लाइब्रेरी व नवीन तहसील कार्यालय का लोकार्पित

**अंतागढ़।** क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई। रविवार को मावा मोदोल लाइब्रेरी एवं नवीन तहसील कार्यालय का लोकार्पण सांसद भोजराज नाग के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक विक्रम देव उसेंडी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं और नगर के गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहें। लोकार्पण समारोह में अतिथियों ने कहा कि नवीन तहसील कार्यालय शुरू होने से क्षेत्रवासियों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अब दूर-दराज भटकना नहीं पड़ेगा तथा शासकीय सेवाएं अधिक सुगम और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होंगी। वहीं मावा मोदोल लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अध्ययन और ज्ञान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और प्रशासनिक सुविधाओं का विस्तार ▶▶| शेष पेज 12 पर

## महिला के सिर में गंभीर चोट आई | टंगिया से पत्नी पर जानलेवा हमला पति पर मामला दर्ज, विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी पर टंगिया से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना 25 जुलाई की दोपहर करीब 2 बजे ग्राम पीव्ही-34 में हुई। पुलिस ने पीड़िता के पुत्र राजेन मल्लिक की शिकायत पर आरोपी अमल मल्लिक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे राजेन मल्लिक ने पुलिस को बताया कि उसकी मां मालती मल्लिक अपनी बेटी प्रतिमा राय के घर ग्राम पीव्ही-34 गई हुई थीं। आरोपी अमल मल्लिक भी वहां पहुंचा और पत्नी से पैसे की मांग करने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर उसने कथित रूप से गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और टंगिया से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं



और उनके सिर से खून बहने लगा। घटना की जानकारी बहन प्रतिमा राय ने फोन पर राजेन मल्लिक को दी। जानकारी मिलते ही वह सिविल अस्पताल पखांजुर पहुंचा, जहां उसकी मां का इलाज चल रहा था। अस्पताल में उसने देखा कि पीड़िता के सिर पर पट्टी बंधी हुई थी और चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा था। घटना के बाद राजेन मल्लिक ने पखांजुर थाने में लिखित आवेदन देकर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बेधड़क दौड़ रहे केजव्हील लगे ट्रैक्टर, दुर्घटनाओं की आशंका

# केजव्हील ट्रैक्टरों के निरंकुश संचालन से सड़कें टूट रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मानसूनी बारिश के बाद खेती-किसानी में लोग सक्रिय हो गए हैं, वहीं किसानों द्वारा मशीनों के ज्यादा और उनके भरपूर उपयोग के चलते शासन-प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद केजव्हील वाले वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इससे ग्रामीण सड़कों का नुकसान हो रहा है वहीं इन खराब सड़कों से दो पहियावाहन चालक प्रभावित हो रहे हैं और गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। वाहन चालकों का मानना है कि ऐसे वाहनों के खिलाफ नियमित जांच और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

जानकारी के अनुसार केजव्हील लगे लोहे के पहिए सामान्यतः केवल खेती कार्यों और खेतों में जुताई के उपयोग के लिए बनाए जाते हैं। इन वाहनों को सार्वजनिक डामर और सीमेंट की सड़कों पर चलाना पूरी तरह नियमों के विपरीत है। यह लापरवाही न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अन्य वाहन चालकों और पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए भी बड़ा जोखिम पैदा कर रही है। राहगीरों और स्थानीय लोगों का मानना है कि लोहे के इन भारी पहियों से डामर और सीमेंट सड़कें तेजी से उखड़ रही हैं और क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

शहर के नागरिकों का यह भी आरोप है कि कई ट्रैक्टर चालक निर्माण सामग्री, ईंट और अन्य भारी सामान ढोने के लिए लगातार शहर की मुख्य सड़कों पर ट्रैक्टरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सड़कों को खराब हो रही हैं, साथ ही व्यस्त मार्गों पर यातायात भी बुरी तरह बाधित होता है।

### नियमों की खुलेआम अनदेखी



### जुर्माना लगाना चाहिए

सड़क से योजना आने-जाने वाले स्थानीय राहगीरों ने इस गंभीर स्थिति को लेकर अपनी चिंता खुलकर साझा की है। केजव्हील पहियों की आवाज भी तेज आती है और डर लगा रहता है कि कहीं गाड़ी फिसल न जाए। राज्य शासन ने कई बार इन केजव्हील ट्रैक्टरों का डंपर को जगह-जगह से उखाड़ दिया है। प्रशासन को ऐसे चालकों पर बिना किसी देरी के तुरंत जुर्माना लगाना चाहिए।

### प्रशासनिक नियमों का खुला उल्लंघन

*परिवहन नियमों के स्पष्ट निर्देश हैं कि खेतों में उपयोग होने वाले लोहे के पहियों वाले ट्रैक्टरों को किसी भी स्थिति में सार्वजनिक सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद यदि ऐसे वाहन सड़कों पर पाए जाते हैं, तो मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई और जब्ती जैसे कानूनी कदम उठाए जाने का प्रावधान है।*

## 7 लीटर महुआ शराब जब्त आरोपी पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना नरहरपुर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम अमोड़ा निवासी देवचंद दर्रो के कब्जे से सात लीटर हाथ भट्टी से बनी देशी महुआ शराब जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 25 जुलाई की शाम ग्राम भ्रमण एवं शराब रेड अभियान के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अमोड़ा निवासी देवचंद दर्रो अपने घर में बिक्री के लिए अवैध महुआ शराब छिपाकर रखा है। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान एक 5 लीटर की प्लास्टिक जरीकेन तथा 2 लीटर की प्लास्टिक बोतल में कुल 7 लीटर हाथ भट्टी से बनी



देशी महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 700 रुपये है, बरामद हुई। पूछताछ के दौरान देवचंद दर्रो शराब रखने एवं बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका तथा शराब बिक्री के लिए रखना स्वीकार किया। पुलिस ने शराब को विधिवत जब्त कर सीलबंद किया और आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया।

**खबर संक्षेप**

## गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने जिला स्तरीय प्रदर्शन आज

**केशकाल।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के दूसरे चरण के तहत सोमवार को कोंडागांव में जिला स्तरीय



ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमे केशकाल के गौ सेवक भी अपनी उपस्थिति देंगे। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान करने, गौ संरक्षण के लिए प्रभावी संवैधानिक कानून बनाने तथा निराश्रित गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सुबह 10 बजे कलेक्टर कार्यालय में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यह राष्ट्रव्यापी अभियान देशभर के संत-महात्माओं के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति जनजागरण करना तथा सरकार का ध्यान गौवंश संरक्षण के लिए प्रभावी कानून बनाने की ओर आकर्षित करना है। इस अवसर पर गौ सेवक रामा वैष्णव ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में देश की लगभग 5000 तहसीलों से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्रित कर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को सौंपे जा चुके हैं। वर्तमान में इसका दूसरा चरण जिला स्तर पर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे सरस्वती शिशु मंदिर, कोंडागांव में विजय मंत्र कीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद गौ सेवक एवं श्रद्धालु शांतिपूर्ण रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे, जहां अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपेंगे।

## तीन माह से दो सौर पंप बंद पानी को तरस रहे हैं ग्रामीण



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम मंगहूर में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर तथा धनसाय दुग्गा माझी के घर के सामने स्थापित दो सौर पेयजल पंप पिछले तीन माह से खराब पड़े हैं। इसके चलते दोनों मोहल्लों के ग्रामीणों को पेयजल के लिए रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को दूर-दराज के जलस्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। जनपद सदस्य सुशीला गावड़े ने बताया कि खराब पड़े दोनों सौर पंपों की जानकारी कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन आज तक मरम्मत नहीं कराई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी कार्यालयों में बैठकर मूकदर्शक बने हुए हैं, जबकि ग्रामीण पिछले तीन माह से पेयजल संकट झेलने को मजबूर हैं। पूर्व सरपंच मानिक कड़ियाम ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से लगातार संपर्क कर दोनों सौर पंपों को तत्काल सुधारने की मांग की जा रही है, लेकिन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

# मड़ानार और मर्दापाल की 238 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

**वन मंत्री कश्यप ने किया वितरण, शिक्षा जारी रखने का दिया संदेश**

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को मड़ानार और मर्दापाल में आयोजित सरस्वती साइकिल प्रदाय योजना के तहत कुल 238 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की।

मड़ानार में आयोजित कार्यक्रम में मड़ानार, सोनाबाल और गोलावंड की 57 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। वहीं मर्दापाल, हसलनार, मटवाल, कांगा, नवागांव और खड़पड़ी की 181 छात्रओं को योजना का लाभ मिला। वन मंत्री ने छात्राओं को नियमित अध्ययन करने, मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान क्षेत्र के प्रतिभाशाली



### माओवाद मुक्त बस्तर की ओर बढ़ रहा क्षेत्र

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर तेजी से माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो रहा है। इस बदलाव में पुलिस और सुरक्षा बलों की भूमिका सराहनीय है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। अपने संबोधन में श्री कश्यप ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि बस्तर के वीरों का भी आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से देशभक्ति की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

## नक्सल पीड़ितों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की दिशा में बड़ी पहल

# पुलिस-प्रशासन ने एक ही छत के नीचे पहुंचाईं शासकीय योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 304 हितग्राहियों को मिला योजनाओं से जुड़ने का अवसर

जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त पहल पर पुलिस लाइन में विशेष बहु–विभागीय हितग्राही शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नक्सल पीड़ित परिवारों एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई।

द्वितीय चरण के शिविर में बस्तर और नारायणपुर के 154 आत्मसमर्पित नक्सली तथा कोण्डागांव के 150 नक्सल पीड़ित परिवार शामिल हुए। विभिन्न विभागों ने पात्रता परीक्षण कर हितग्राहियों का पंजीयन और आवेदन प्रक्रिया पूरी की। 31 मृत आत्मसमर्पित नक्सलियों के परिवारों को सामाजिक सुरक्षा



लाभ दिया जाएगा। शिविर में ऐसे 31 मृत आत्मसमर्पित नक्सलियों के परिवारों की पहचान की गई, जिन्हें अब तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिला था। उनके लिए मृत्यु प्रमाण–पत्र, विधवा पेंशन और अन्य योजनाओं की प्रक्रिया शुरू कराई गई।

### प्रधानमंत्री आवास से लेकर महतारी वंदन योजना तक मिला लाभ

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रमिक पंजीयन, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार, किसान क्रेडिट कार्ड, वनाधिकार पट्टा, कृषि यंत्र अनुदान, पेंशन योजनाओं सहित अनेक योजनाओं में सैकड़ों हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य जांच और पौधों का भी वितरण किया गया। शिविर में 63 लोगों की गैर संचारी रोग एनसीडी जांच की गई, 75 श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाए गए तथा उद्यान विभाग की ओर से 200 पौधों का वितरण किया गया।

### कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहेगाः पन्ना

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि नक्सल प्रभावित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने कहा कि पुनर्वास से ही स्थायी शांति और विकास संभव है। कोण्डागांव पुलिस कानून–व्यवस्था के साथ–साथ पुनर्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। भविष्य में भी ऐसे समन्वित शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के 15 शक्ति केंद्रों में सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के सभी 15 शक्ति केंद्रों में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो के नेतृत्व एवं मंडल प्रभारी विकास राजू नायक के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की। उन्होंने भारतीय सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन किया। साथ ही खेल, विज्ञान, अंतरिक्ष, पर्यावरण संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर देशवासियों को प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों, साइंस ओलंपियाड में सफल विद्यार्थियों और अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों की भी सराहना की। मंडल प्रभारी विकास राजू नायक ने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री और देशवासियों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है तथा इसके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। वहीं मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक कार्य करने वालों से प्रेरणा लेने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बढ़ाने का प्रभावी मंच है। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक, प्रभारी, सहप्रभारी एवं भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एकल अभियान के प्रशिक्षण में गूंजा गौ सम्मान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

ग्राम केवटी में आयोजित एकल अभियान के प्रशिक्षण कार्यक्रम में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ सेवा एवं संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। संच प्रमुख मनोज बघेल, सरस्वती साहू एवं कृष्णा पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 56 प्रतिभागियों ने गौ माता की सेवा, संरक्षण और सम्मान का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचल संस्कार शिक्षा सचिव पद्मनी साहू ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आचार्य बहनों से गांव-गांव में शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और गौ सेवा



का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। संच समिति दुर्गूकोंदल के विकास राजू नायक ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और सेवा की भावना जुड़ने से ही सशक्त समाज का निर्माण होता है। गौ सेवा एवं संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बच्चों में जीव-जंतुओं के प्रति दया, करुणा और सेवा भाव विकसित करने पर बल दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने निराश्रित गौवंश की सेवा करने तथा समाज को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लोकनाथ प्रधान, गणेश सेठिया, अनीता मरकाम, सुंदरबत्ती मरकाम, शांति मरकाम, लुकेश भुआर्या, सुदेश तोप्पा सहित कार्यकर्ता एवं आचार्य बहनें उपस्थित रहीं।

## शक्ति केंद्र राउरवाही में सुनी गई मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के शक्ति केंद्र राउरवाही में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण, युवाओं की प्रतिभा, खेल, विज्ञान और सामाजिक परिवर्तन से जुड़े प्रेरणादायी संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना।

इस अवसर पर राउरवाही निवासी मोन्टू कोमरे पिता मानकलाल कोमरे, के प्रयास विद्यालय जगदलपुर में चयन होने पर उनका सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए



गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि मोन्टू की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और मेहनत करने की प्रेरणा देगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मन की बात देशभर में हो रहे सकारात्मक कार्यों और प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को समाज के सामने लाने का प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से लोगों को राष्ट्रहित और समाजसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। समापन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पीलम नरेटी, सरपंच बलराम टेपरिया, भाजपा महामंत्री रामचंद्र कल्लो, किसान मोर्चा प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर हटाओ, जनता को राहत दिलाओ अभियान आज से



**कांकेर।** बढ़ते बिजली बिलों एवं स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा सोमवार आज 27 जुलाई से शहर कांकेर में स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान की रूपरेखा एवं आगामी रणनीति को लेकर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को सफल बनाने एवं शहर के प्रत्येक वार्ड तक पहुंचकर आम नागरिकों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में आम नागरिकों से संपर्क कर स्मार्ट मीटर बदलने के लिए आवेदन पत्र फॉर्म वितरित किए जाएंगे। भरे हुए आवेदन पत्र एकत्रित कर सामूहिक रूप से बिजली विभाग को सौंपे जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं की मांग पर शीघ्र कार्रवाई हो सके। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यासीन करानी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से अनेक उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे आम जनता, मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है।

**पेज 11 के शेष**

### गाड़ी में प्लग लगाने...

बाद वह और उसका परिवार भयभीत है। पुलिस ने राम सलाम की शिकायत के आधार पर आरोपी अरूण नुरूटी और आशीष दुग्गा के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोपों में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मावा मोदोल लाइब्रेरी...

किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला होता है कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश निषाद, डीएमसी नवनीत पटेल, एसडीएम राहुल रजक, अपर कलेक्टर, तहसीलदार वीरेंद्र नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### टंगिया से पत्नी पर...

आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमल मल्लिक के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## छात्रों के सम्मान में कांग्रेस का विजय मार्च शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रशक्ति की जीत




**कांकेर।** जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के संयुक्त तत्वाधान में पुराना बस स्टैंड से अंबेडकर चौक तक छात्रों के सम्मान में भव्य विजय मार्च एवं आतिशबाजी का आयोजन किया गया। विजय मार्च का आयोजन देशभर के छात्रों द्वारा निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था, पेपर लीक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग को लेकर चलाए गए आंदोलन के समर्थन में किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्रों के लगातार संघर्ष और देशव्यापी जनदबाव के परिणामस्वरूप केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को सफलता मिली, जिसे छात्रों की लोकतांत्रिक लड़ाई और जनशक्ति की बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यह जीत उन लाखों युवाओं और विद्यार्थियों को समर्पित है जिन्होंने अपने भविष्य की रक्षा के लिए आवाज़ बुलंद की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों की आवाज़ को संसद से लेकर सड़क तक पूरी मजबूती के साथ उठाया। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए प्रधानमंत्री आवास के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तब उनके साथ किया गया व्यवहार लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं था। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा असहमति की आवाज़ को दबाने के बजाय उसका सम्मान किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता विजय ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा छात्रों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित राय तथा युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे विजय मार्च के दौरान युवाओं ने नारेबाजी करते हुए छात्रों के सम्मान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को बुलंद किया।

## संत रविदास जयंती और घर-घर तिरंगा अभियान पर भाजपा की हुई कार्यशाला

**29 जुलाई से 10 सितंबर तक चलाया जाएगा अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के आव्हान पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों तथा घर-घर तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तैयार करने के लिए संयुक्त जिला कार्यशाला कमल सदन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव की विधायक लता उसेंडी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विधायक लता उसेंडी ने कहा कि संत रविदास ने संपूर्ण मानवता को समानता, समता और बंधुत्व का संदेश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में संत रविदास के विचारों को आत्मसात करें और उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन ने आगामी अभियानों को सफल बनाने के लिए सांगठनिक एकजुटता पर जोर दिया। जिला संगठन प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने बताया कि संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश और जिले में कई चरणबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसकी विस्तृत रूपरेखा इस प्रकार है कि गुरु रविदास महाराज समरसता दीप अभियान 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देश और प्रदेश के रविदास मंदिरों व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक दीप प्रज्जवलन, सामूहिक आरती, गुरु वाणी पाठ, भजन संध्या और समरसता संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वाराणसी से अभियान का




शुभारंभ 29 जुलाई जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी से संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कलश पूजन, समरसता संगोष्ठी और पावन माटी युक्त कलश वितरण के साथ राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ होगा। प्रदेश स्तरीय कलश वितरण कार्यक्रम 29 जुलाई से 6 अगस्त प्रदेश की राजधानी या प्रमुख धार्मिक स्थलों पर संत सम्मेलन, समरसता संगोष्ठी और कलश पूजन कर जिला टोलियों को कलशों का विधिवत वितरण किया जाएगा। जिला स्तरीय कलश वंदन अभियान 7 से 14 अगस्त समाज के विभिन्न वर्गों तक कलश पहुँचाते हुए स्थानीय मंदिरों, संत-महात्माओं एवं सामाजिक नेतृत्व की सहभागिता से जिला स्तरीय कलश वंदन और संत संपर्क कार्यक्रम होंगे। स्थानीय मंदिर स्तर पर समरसता कार्यक्रम 17 अगस्त से 10 सितंबर सीर गोवर्धनपुर से प्राप्त पावन माटी को स्थानीय मंदिरों में सम्मिलित करते हुए कलश पूजन, वंदन, सामूहिक आरती, गुरु वाणी पाठ, भजन-कीर्तन, संत सम्मान, और युवाओं-महिलाओं की सहभागिता से सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। संत संपर्क अभियान 29 जुलाई से 31 अगस्त संतों, महंतों, गृहस्थों एवं डेरा प्रमुखों से व्यक्तिगत भेंट कर उन्हें आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी तथा श्री गुरु रविदास महाराज के दर्शन, समता, सेवा और मानवता के संदेश का प्रसार किया जाएगा। कार्यशाला का समापन समरसता और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ हुआ। कार्यशाला का सफल संचालन महामंत्री एवं समरसता संकल्प अभियान के संयोजक राजा पांडे ने किया। कार्यशाला के पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात की 136वीं कड़ी सामुहिक रूप से सुना गया। कार्यशाला में विधायक आशाराम नेताम, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर, दिलीप जायसवाल, अरविंद जैन, अनूप राठौर, संजू गोपाल साहू, प्रदीप जायसवाल, मनोज जैन, डॉ देवेन्द्र कुमार साहू, टेकेश्वर सिन्हा, मनोहर यादव, महेश उइके, हेम मंडावी, लच्छू राम गावड़े, कमलेश उसेंडी, संतोष भास्कर, हीरा मरकाम, पंचूराम नायक, अरविंद जैन, सलीम मेमन, सतीश श्रीवास्तव, मनीष जैन, पीयूष कश्यप, दिगेश खापर्डे, डाकेश साहू, हेमेन्द्र ठाकुर, गोलू तिवारी, रुक्मणी उइके, जैना तारम, विजयलक्ष्मी कौशिक, उगेश्वरी उइके, घनेंद्र ठाकुर, टिकेंद्र दुग्गा, अंशु शुक्ला, चुनेश्वर जैन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देश हित में

**सुकमा।** जंतर मंतर में हो रहे प्रदर्शन के बाद धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा पर भारतीय जनता पार्टी के सुकमा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान ने कहा कि



कांग्रेस कार्यकाल में शिक्षा नीति पूरी तरह से फेल रही अब केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस कर रही गंदी राजनीति। धर्मेंद्र प्रधान ने युवाओं के भावनाओं का सम्मान करते हुए एवं युवाओं के आंदोलन का देश विरोधी ताकत अपने फायदे के लिए इस्तेमाल न करें इसलिए उन्होने देश हित में इस्तीफा दिया हैं। धर्मेंद्र प्रधान के चार वर्ष का कार्यकाल देश की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव का कालखंड रहा। वही 60 साल तक सत्ता में रहकर शिक्षा को बर्बाद करने वाली कांग्रेस पार्टी अपनी नाकामी को छुपाने के लिए बेबुनियाद और गंदी राजनीति कर रही है। कांग्रेस ने शिक्षा को सिर्फ वोट बैंक की गंदी राजनीति का हिस्सा बनाया। कांग्रेस कार्यकाल में नीति विहीन शिक्षा व्यवस्था के कारण देश को कोई समग्र शिक्षा नीति नहीं मिली। शिक्षा नीति केवल कागजों तक सिमट गई शिक्षा व्यवस्था में वोट बैंक के लिए सिर्फ मुगलों की वाह वाही की गईं। वही मोदी जी की नेतृत्व की सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को 21वीं सदी के हिसाब से ढाला। वहीं कांग्रेस की यूपीए की सरकार में एसएससी. बैंक, रेलवे और राज्य स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक आम बात रही। यूपीए सरकार में नकल माफिया फल फूल रहे थे। आज मोदी जी की सरकार पेपर लीक के मामले में कठोर कदम उठा रही है। कांग्रेस सरकार में शिक्षा पर जीडीपी का 2.8 प्रतिशत ही खर्च होता था। विश्वविद्यालय एवं शिक्षकों के लाखों पद खाली रहते थे। भाजपा सरकार ने शिक्षा बजट को दोगुना किया और पांच नये आईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स खोले गए। धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हमें मिली। 22 भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल पढ़ाई शुरू हुई समावेशी शिक्षा पर जोर दिया गया।

## निधन

### सरस्वती ठाकुर

**जगदलपुर।** हाटकचोरा निवासी सरस्वती ठाकुर पति स्व. लक्ष्मण सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त रेंजर का निधन आज सुबह 6 बजे एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज अब्दुल कलाम वार्ड हाटकचोरा स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार में समाज के सदस्य व नागरिक मौजूद रहे। वह बलराम सिंह की माता थीं। भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# कृषि सखी और किसान मित्रों को मिला टिकाऊ खेती का व्यावहारिक ज्ञान

## केवीके दंतेवाड़ा ने नकुलनार में दिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के तहत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि विकास योजना अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास निधि वित्तपोषित शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 24 से 25 जुलाई को नकुलनार में किया गया। प्रशिक्षण में कुआकोंडा विकासखंड के 30 कृषि सखी एवं 19 किसान मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि सखी एवं किसान मित्रों को प्राकृतिक खेती, फसल संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे इन तकनीकों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचा सकें। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण कुमार निषाद वैज्ञानिक कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों की जानकारी दी। उन्होंने बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र तैयार करने की विधि, धान, कोदो एवं कुटकी की फसलों में विभिन्न प्राकृतिक खेती घटकों के उपयोग का समय एवं मात्रा, येलो एवं पिंक स्टिकी ट्रैप के वैज्ञानिक उपयोग तथा खेतों में पक्षियों की सहायता से हानिकारक कीटों के नियंत्रण हेतु टी-आकार बनाकर उसका व्यवहारिक प्रदर्शन किया।



### सीखे फसल संरक्षण के गुर

इस अवसर पर डॉ. ईशांत सुकदेवे, वैज्ञानिक कृषि विस्तार ने धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, उनके लक्षण, कारण तथा समेकित एवं प्राकृतिक प्रबंधन के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को समय पर निगरानी, जैविक नियंत्रण एवं समन्वित कीट प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कृषि सखियों एवं किसान मित्रों से प्राकृतिक खेती एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें प्राकृतिक खेती एवं फसल प्रबंधन संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई, जिसका लाभ क्षेत्र के किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

## कारगिल विजय दिवस पर 'आमोद अरण्य' का सातवां स्थापना दिवस

# शहीदों की याद में रोपे गए पौधे लिया राष्ट्रभक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों की स्मृतियों को प्रकृति के माध्यम से जीवंत रखने के उद्देश्य से स्थापित आमोद अरण्य का सातवां स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने एकत्रित होकर शहीदों के नाम पौधारोपण किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। साल 2019 में शुरू हुआ आमोद अरण्य आज केवल एक हरित अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बन चुका है। बंजर भूमि पर विकसित हो रहा यह स्मृति वन लोगों को यह संदेश देता है कि शहीदों का सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि प्रकृति की रक्षा और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली छोड़ने से भी किया जा सकता है।

आमोद अरण्य के संस्थापक संदीप दीक्षित ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को प्रकृति के साथ जोड़कर समाज में सेवा, संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना है। उन्होंने सात वर्षों से इस अभियान से जुड़े सभी सहयोगियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



संस्थापक सदस्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने कहा कि सात वर्षों की यात्रा समाज के विश्वास और जनसहभागिता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज आमोद अरण्य अनेक लोगों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण कार्यकर्ता एवं एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान की संस्थापक नंदिनी दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा किसी शहीद के नाम लगाकर उसकी देखभाल करे, तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने आमोद अरण्य की पहल को समाज के लिए अनुकरणीय बताते हुए इसकी सराहना की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रीतीश पांडेय, थाना प्रभारी अर्जुन पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित सरकार, महिला मोर्चा जिला महामंत्री गीतांजलि जायसवाल, एनएमडीसी से डॉ. सरोज कुमार साहू, श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष आजाद सक्सेना, विधायक प्रतिनिधि निलेश पाटले, बैलाडीला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, पार्षद हरीश शर्मा, तरुण भोर, वनस्पति शोधकर्ता गणेश निषाद, दंतेवाड़ा रेडियो कार्यालय से प्रीतीश मांझी, पार्षद दीपक सरकार, एल्डरमैन अरुणा टंडन, शिखा अधिकारी, लक्ष्मी पाणी, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, भावना सक्सेना, सीमा दीक्षित, बादल कुंडु, अनिल शर्मा सहित नागरिक एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने शहीदों के सम्मान में अधिक से अधिक पौधारोपण करने, उनकी देखभाल सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# सरकारी स्कूल में दिखा प्रिंट रिच माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा छेपड़ापारा का निरीक्षण शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल एवं बीआरसी आजंबर कोर्राम ने किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने शाला संग्रहालय, मध्यान भोजन व्यवस्था, पोषण वाटिका एवं बच्चों की गुणवत्ता लर्निंग दक्षता का बारीकी से जायजा लिया। कक्षाओं में प्रिंट रिच वातावरण का अवलोकन किया गया। पहली से दूसरी कक्षा तक के बच्चों के लिए आरोही क्रम, बढ़ते क्रम एवं रोचक पूर्ण वातावरण तैयार किया गया था, जिसकी सराहना अधिकारियों ने की।

- निरीक्षण करने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी ने की सराहना

जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा-कक्ष, शिक्षण सामग्री और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में नवाचार लाकर पढ़ाई को रोचक बनाया जाए। शाला में सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण बनाकर बच्चों की लर्निंग दक्षता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने और सतत मूल्यांकन पर जोर देने की सलाह दी।

इस अवसर पर बीआरसीने भी शाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और मध्यान्ह भोजन, उपस्थिति पंजी, पोषण वाटिका के रखरखाव सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके लिए शिक्षकों को समर्पण के साथ काम करना होगा।

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में बाल कैबिनेट का गठन, गायत्री बनीं प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में प्राचार्य एआर नोन्हारे के मार्गदर्शन में आज बाल कैबिनेट का गठन एवं शपथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

शाला में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के कुमारी गायत्री कश्यप को प्रधानमंत्री (शाला नायिका)एवं कुमारी पलक बघेल को उप प्रधानमंत्री (उपशाला नायिका)के रूप में चयनित किया गया। इसी प्रकार शाला में शिक्षा मंत्री- कुमारी संजना लहरे एवं कुमारी सुरेखा मांझी, स्वास्थ्य मंत्री -कुमारी मोना कश्यप एवं खुशी पुजारी , क्रीड़ा मंत्री- कुमारी भूमिका मंडावी एवं कुमारी गीतांजलि नाग, सांस्कृतिक एवं मीडिया प्रभारी मंत्री- कुमारी मनीषा सरकार एवं संजू मरकाम, अनुशासन एवं पर्यावरण मंत्री- देवीका जैन एवं कुमारी रेणुका नाग को शपथ दिलाया गया।



साथ ही साथ माध्यमिक वर्ग में कुमारी मनीषा पोटाई को प्रधानमंत्री एवं कुमारी कुलेश्वरी को उप प्रधानमंत्री एवं अन्य सभी पदाधिकारियों पर माध्यमिक वर्ग के छात्राओं को चयनित कर प्राचार्य ए आर नोन्हारे द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं स्टाफ एवं छात्राएं उत्साहपूर्वक रूप से उपस्थित रही । प्राचार्य ए आर नोन्हारे द्वारा चयनित एवं शपथ लिए छात्राओं को बधाई प्रेषित कर अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत कर उच्च अंक प्राप्त कर आगे बढ़ने एवं शाला के वातावरण को अनुशासित बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं के सीनियर छात्राओं द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के सुकमा आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया ने सर्किट हाउस पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर अरुण सिंह भदौरिया ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया का पुष्पगुच्छ एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस मुलाकात के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों, युवा मोर्चा की कार्ययोजना तथा पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के विषयों पर से चर्चा हुई। साथ ही भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया।



संस्था के सदस्यों ने पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की मांग की

# धारदार हथियार से पशु पर हमले की

**जगदलपुर।** पशुओं की सेवा करने वाली संस्था स्ट्रे सेफ फाउंडेशन को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग कुत्तों को बेरहमी से धारदार हथियार से मार रहे है। संस्था के सदस्यों ने धरमपुरा महावीर नगर के पास स्थित अटल आवास घटना स्थल पहुंच कर जानकारी प्राप्त की। जिसमें दो व्यक्तियों रोहन शेट्टी और जय शेट्टी की पहचान की गई वे कुत्तों को भाले से घायल होने तक दौड़ा कर मारने तथा घायल अवस्था में चाकू मार कर जान लेना ज्ञात हुआ। इस घटना की शिकायत लेकर संस्था के सदस्य लुप्तेश जगत, अभिषेक अवस्थी, माधुरी गुप्ता, ऋतु नाग, मानसी गुप्ता, पूजा सिंग, पूनम पांडे, तनुल गुप्ता, ऋचा गौरखेड़े, सुनीता सोरी, नूरी, शैलेन्द्र शाह तथा अभिषेक मिश्रा थाना कोतवाली पहुंच कर आवेदन दिए। उन्होंने पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत शिकायत दर्ज कर कठोर कार्रवाही का निवेदन थाना प्रभारी लीलाधर राठौर से की।



## कार्यशाला में गुरु रविदास समरसता संकल्प और हर घर तिरंगा यात्रा की बनी रणनीति

# समाज में समानता और सद्भाव का संदेश देगा रविदास समरसता अभियान : जैन

**बीजापुर।** भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन में रविवार को गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक रूप से सफल बनाने की विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान समाज में समानता, सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देने का माध्यम है। वहीं हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जोड़ने का अभियान है।

जैन ने कार्यकर्ताओं से इन दोनों अभियानों को घर-घर तक पहुंचाने, अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रहित और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक ले जाने का आह्वान किया। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के निर्धारण और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान समाज में समानता, सामाजिक समरसता और सद्भाव को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत कर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाने का अभियान है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराने का आह्वान किया। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने, पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करने का आग्रह किया। कार्यशाला में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन, जिला प्रभारी दीपेश अरोरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

भास्कर आई केयर
BHASKAR EYE CARE
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए आनलाइन पंजीयन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2026 में सफलता दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन उत्तर बस्तर कांकेर ने मावा मोदोल योजना के तहत निःशुल्क क्रैश कोर्स प्रारंभ करने की घोषणा की है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन में शुरू की गई इस पहल के लिए 25 जुलाई से ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जुलाई को अपराह्न 4 बजे तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराना नहीं, बल्कि जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन, बेहतर अध्ययन सामग्री और अनुभवी विशेषज्ञों का सहयोग उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षक बनने के लक्ष्य तक पहुंचाना है। वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए सही रणनीति, नियमित अभ्यास और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन आवश्यक माना जाता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है।

क्रैश कोर्स में प्रवेश के लिए जिले के सभी विकासखंडों में 2 अगस्त रविवार को सुबह 11 बजे स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी चयन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्ता आधारित होगी, ताकि वास्तविक प्रतिभाओं को अवसर मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुरूप विषयवार अध्ययन, मॉडल टेस्ट, अभ्यास प्रश्न, समय प्रबंधन, परीक्षा रणनीति तथा अनुभवी शिक्षकों एवं विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## 2 अगस्त को स्क्रीनिंग टेस्ट के आधार पर होगा चयन




### आत्मविश्वास बढ़ेगा

इससे अभ्यर्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे। जिला प्रशासन का मानना है कि शिक्षा आत्मनिर्भरता, सम्मानजनक रोजगार और सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस पहल से जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा, वहीं भविष्य में जिले को योग्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षक भी प्राप्त होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल ने जिले के सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन पंजीयन कराएं और पूरी तैयारी के साथ स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल हों। जिला प्रशासन ने युवाओं को संदेश दिया है कि सपनों को दिशा, प्रतिभा को अवसर और सफलता को नया आयाम देना ही हमारा संकल्प है।

## खबर संक्षेप



### भानुप्रतापपुर में बरगद के वृक्ष का सफल पुनर्स्थापन

**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय की दीवार पर उगे बरगद के पौधे का जड़ों सहित सुरक्षित पुनर्स्थापन कर खेल मैदान में विधिवत रोपण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के महादलनायक एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता तथा जलवायु संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई। एनएसएस प्रभारी शिक्षक भागीरथी नायक ने कहा कि एक वृक्ष आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**कांकेर।** नरहरपुर थाना पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित




कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 जुलाई को पीड़िता की मां ने थाना नरहरपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते शासकीय अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरी जांच में उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पुलिस द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज किए जाने पर उसने बताया कि थाना कोरर अंतर्गत ग्राम नरसिंहपुर 19 वर्षीय निवासी परमेश मंडावी ने उसे बहला-फुसलाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 157/2026 दर्ज कर बीएनएस की धारा तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत विवेचना शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी के ठिकाने पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी परमेश मंडावी पिता बैशाखू मंडावी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, उप निरीक्षक पीयूष कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक पल्टूराम मंडावी, आरक्षक मनोज ध्रुव, आरक्षक रैन कुमार जैन और महिला आरक्षक सरिता गोटी की मुख्य भूमिका रहा।

### बैठक में सांसद समेत विधायक विक्रम उसेण्डी और आशाराम नेताम शामिल हुए

# दिशा समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण कार्यों के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय प्रगति तथा उसके पर्यवेक्षण संबंधी कार्यवाही पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक में सांसद सहित विधायक अंतागढ़ विक्रम उसेण्डी, विधायक कांकेर आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दिशा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सांसद ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जावे। पूर्व में नक्सल गतिविधियों के कारण अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्य बाधित हुए हैं, इन क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित हो तथा सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जावे। योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण समन्वय बनाकर कार्य करें। सब मिलकर योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। बैठक के दौरान एजेंडावार कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई। कुपोषित बहुलता वाले गांवों का सर्वे कराने, श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की सूची ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा में जुआ खेलते हुए पकड़ाए गए कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों से जो भी दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं, उसके अनुसार कार्य करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। इस अवसर पर दिशा समिति के सदस्यगण-जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पीएम आवास के लिए 30 हजार 404 हितग्राहियों को प्रथम किस्त जारी

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31 हजार 586 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा 30 हजार 404 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी की जा चुकी है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में कक्षा पहली से 8वीं तक अध्ययनरत 65 हजार 105 बच्चों को दो-दो सेट गणवेश तथा 70 हजार 797 बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया है। जिले को तीन महीने में अप्रैल से जून माह तक 133.24 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है। इस अवधि के दौरान अवैध खनिज उत्खन्न के सात प्रकरणों में 11 लाख 44 हजार रूपए, अवैध खनिज परिवहन के 74 प्रकरण में 16 लाख 38 हजार 608 रूपए और अवैध खनिज भण्डारण के चार प्रकरणों में 02 लाख 64 हजार 800 रूपए की अर्थदण्ड वसूल की गई है। ग्रामीण एवं राज्य मार्गो में ओवरलोड वाहनों में कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, कृषि, नगरीय निकायों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य विभाग, श्रम, परिवन विभाग, खनिज विभाग सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं कि क्रियान्वयन में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# यूनिसेफ व बचपन के कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण पर की चर्चा



**अंतागढ़।** आदिम जाति विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं संस्था बचपन बनाओ के संयुक्त तत्वाधान में 23 एवं 24 जुलाई को रायपुर के बेबीलोन इंटरनेशनल में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श मूलमंथनः आदिवासी ज्ञान से किशोरावस्था की पुनर्कल्पना में आदिवासी बच्चों की मातृभाषा आधारित शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बाल संरक्षण, किशोर विकास एवं आजीविका जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला में वर्ष 2022 से आदिवासी बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत कोयामूरी बुम होरकुल बिदिया केतुल वल्लेकनार्र एवं सोड़े के नवाचारों की सराहना की गई। संस्था गोंडी मातृभाषा के माध्यम से बच्चों को स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ते हुए बाल-केंद्रित एवं आनंददायी शिक्षा उपलब्ध करा रही है। साथ ही हिंदी और अंग्रेजी के माध्यम से भी बच्चों को व्यापक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्था की ओर से महेश हुर्रा एवं सुगदू पोटाई ने भाग लेकर आदिवासी बच्चों की शिक्षा से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने ज्ञात से अज्ञात की ओर/" की अवधारणा पर आधारित शिक्षण पद्धति को प्रभावी बताते हुए राज्य शासन से स्थानीय गोंडी भाषा के शिक्षकों की भर्ती की मांग भी रखी। समापन अवसर पर आदिम जाति विकास विभाग, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं बचपन बनाओ द्वारा आदिवासी बच्चों की शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए कोयामूरी बुम होरकुल बिदिया केतुल वल्लेकनार्र एवं सोड़े को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था को मिला यह सम्मान पूरे बस्तर अंचल, विशेषकर ग्राम सोड़े और वल्लेकनार्र के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। इसकी जानकारी सर्व आदिवासी समाज, विकासखंड अंतागढ़ के अध्यक्ष संतराम सलाम ने दी।

# गुदुम में मिनरल डायनामिक्स की लोक सुनवाई को मिला व्यापक जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



गुदुम में मिनरल डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्तावित औद्योगिक प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय लोक सुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर समर्थन जताया। लोगों ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं की उम्मीद के साथ परियोजना का स्वागत किया। कांकेर जिले की सीमा से लगे बालोद जिले के डौण्डी तहसील अंतर्गत ग्राम गुदुम में मिनरल डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित आयरन ओर बेनिफिकेशन प्लांट, पैलेटाइजेशन प्लांट, इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस एवं ब्रिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 24 जुलाई 2026 को आयोजित लोक सुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। सुनवाई के दौरान स्थानीय नागरिकों ने परियोजना के प्रति सकारात्मक रुख व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। ग्रामीणों ने परियोजना का समर्थन करते हुए कंपनी से स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, पेयजल व्यवस्था तथा क्षेत्र के आधारभूत विकास कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि प्लांट की स्थापना से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने से आसपास के गांवों के विकास को नई गति मिलेगी। लोक सुनवाई के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की अपेक्षाओं को गंभीरता से लेने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि कंपनी स्थानीय समुदाय के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगी तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत क्षेत्र के विकास में भी सहयोग प्रदान करेगी। कंपनी ने कार्यक्रम में मिले व्यापक जनसमर्थन के लिए सभी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। यह लोक सुनवाई अपर कलेक्टर बालोद चन्द्रकान्त कौशिक की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर डौण्डी के अनुविभागीय अधिकारी सुरेश कुमार साहू, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें लोगों ने अपनी बात रखते हुए परियोजना से क्षेत्र के समग्र विकास और स्थानीय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद व्यक्त की।

# निरंकारी संत समागम में नारी सशक्तीकरण समानता व मानव एकता का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ जोनल स्तरीय महिला निरंकारी संत समागम आध्यात्मिकता, नारी सशक्तिकरण और मानव एकता के संदेश के साथ हुआ। समागम में माउंट आबू (राजस्थान) से पहुंचीं बहन सीमा चौहान ने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं को आत्मविश्वास, सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों के साथ समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कांकेर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ जोनल स्तरीय महिला निरंकारी संत समागम में मुख्य वक्ता माउंट आबू (राजस्थान) से आईं बहन सीमा चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति है। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को अपनाकर महिलाएं अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि नारी के बिना समाज के किसी भी क्षेत्र में प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती। समागम को संबोधित करते हुए जोनल इंचार्ज गुरुबक्श सिंह कालरा ने मिशन के मूल संदेश /"एक को जानो, एक को मानो और एक हो जाओ/" को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब सभी लोग एक परमात्मा को जानकर एकत्व के भाव से जीवन जीएंगे, तभी समाज में जाति, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी और भेदभाव जैसी कुरीतियों का अंत होगा। कार्यक्रम के अंत में कांकेर के संयोजक राजा देवनानी ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सभी श्रद्धालु भाई-बहनों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन को सफल, सार्थक और मानवता की सेवा के लिए समर्पित बनाया जा सकता है। समागम का समापन आध्यात्मिक संदेश, मानव एकता और नारी सम्मान के संकल्प के साथ हुआ।

# कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत, संगठन विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



भारतीय जनता पार्टी मंडल चारामा के पुरी शक्ति केंद्र की बैठक उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के जनसंपर्क को बढ़ाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला संगठन प्रभारी रंजना साहू ने कहा कि कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा पूरी सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में जिला अध्यक्ष महेश जैन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी विजयेंद्र कुमार सिन्हा, संयोजक जीवन नवेंद्र, सह संयोजक वीरेंद्र साहू, गुलजार विश्वकर्मा, बलराम ठाकुर, उदय ठाकुर, लखन सोनवानी, ब्रह्मा, राधा देवी ठाकुर, जयंती गजेंद्र सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# युवाओं ने बनाई ग्रीन आर्मी, गाड़िया पहाड़ से पर्यावरण संरक्षण अभियान




**कांकेर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांकेर के युवाओं ने एक अनूठी पहल करते हुए ग्रीन आर्मी नामक पर्यावरण संगठन का गठन किया है। एंबीशन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं द्वारा शुरू की गई इस मुहिम का शुभारंभ रविवार को ऐतिहासिक गाड़िया पहाड़ में वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान के साथ किया गया। संगठन के संस्थापक लक्ष्मण रात्रे ने बताया कि ग्रीन आर्मी का उद्देश्य गाड़िया पहाड़ सहित शहर के स्कूल-कॉलेजों, शासकीय परिसरों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक वृक्षारोपण करना, पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखरेख और लोगों की भागीदारी भी आवश्यक है।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने पौधरोपण के साथ गाड़िया पहाड़ की साफ-सफाई की और भविष्य में लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। युवाओं की इस पहल को स्थानीय नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने सराहनीय बताते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना है। वृक्षारोपण अभियान में साक्षी मांडवी, अन्नू मांडवी, प्रीति रावत, काव्या रात्रे, नव्या रात्रे, नोमान रज़ा, कुसुम मंडल, सपना हलदार, भूमिका साहू, मोनिका साहू, चाँदनी यादव, सफीना रज़ा, चंदरेश बघेल, वैदेही यादव, दिव्या निषाद, गंगोत्री निषाद, भवानी नाग, प्रिया कोर्राम, समीर कुमार जैन, यस कुमार साहू और अभिषेक कुमार यादव सहित अनेक सदस्य शामिल रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

नेशनल कम्प्यूटर, कांकेर
25 वर्षों से संचालित विश्वसनीय संस्था।
सभी शासकीय नौकरी हेतु मान्य सर्टिफिकेट।
विगत 25 वर्षों में उत्तीर्ण 6500 विद्यार्थियों में से 1200 विद्यार्थी शासकीय नौकरी में कार्यरत।
विश्वविद्यालयीन कोर्स
INFORMATION TECHNOLOGY: DCA/PGDCA/BCA/M.Sc. [IT]
COMMERCE: M.Com. B.Com.
ADMISSION OPEN
SCIENCE: B.Sc. M.Sc.
MANAGEMENT: MBA (Marketing, Finance, HR) BBA/ PGDRD
ARTS: BA/MA/ B.LIB/M.LIB/ PGDRD/MSW
पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
63, उदय नगर, सांई मंदिर रोड, कांकेर
मो.- 7999062022, 9425261817